श्याम मथुरा को ना जाओ | By Babita Sharma

श्याम मथुरा को ना जाओ
तेरे बिन रह ना पाउंगी
ये गम तेरी जुदाई का
कभी मैं सह ना पाउंगी

कसम तुम्हे मेरे अंसुवन की
सुनो पीड़ा मेरे मन की
तुम ही जब ना सुनोगे तो
वृथा किसको सुनाऊँगी

श्याम तुम से बिछड़ने का
कभी दु:ख कम ना होने का
तड़प तेरी ये चाहत की
बता कब तक छुपाउंगी

बसा तू मेरी धड़कन में
तेरे बिन क्या है जीवन में
श्याम तुम हाथ ना छोडो
भंवर में डूब जाउंगी

परीक्षा अब ना लो मोहन
किया सब कुछ तुम्हे अर्पण
जो तुम इतना रुलाओगे
मैं दुनिया छोड़ जाउंगी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ae%e0%a4%a5%e0%a5%81%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%93-by-babita-sharma/